प्रेस नोट

<u>इस दौरान 8.30 बजे अंग्रेजी में होगा एक लाइट एंड साउंड शो</u>

आज से 11 अक्टूबर तक आमेर में बंद रहेगी हाथी सवारी की व्यवस्था

जयपुर, 30 सितम्बरः श्री शिलामाता मंदिर, जलेब चौक, आमेर में शारदीय नवरात्रा मेले की व्यवस्थाओं, दर्शनार्थियों की भीड़ एवं पर्यटकों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए हाथी सवारी दिनांक 30.09.16 से 11.10.16 तक पर्यटकों हेतु पूर्णतया बंद रहेगी। हाथी सवारी का संचालन दिनांक 12.10.16 से मार्च, 2017 तक प्रति हथिनी पांच–पांच राउंड तथा इनका समय प्रातः 7.30 बजे से प्रातः 11.30 बजे तक एवं सायं 3.30 बजे से सायं 5.00 बजे तक रहेगा।

इसके अतिरिक्त रात्रिकालीन पर्यटन दिनांक 30.09.16 से 11.10.16 तक पर्यटकों हेतु पूर्णतया बंद रहेगा। दिनांक 12.10.16 से मार्च, 2017 तक रात्रिकालीन पर्यटन सायं 6.30 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक पर्यटकों हेतु खुला रहेगा।

शारदीय नवरात्रा दिनांक 01.10.16 से 10.10.16 तक के लिए पर्यटकों की सुविधा हेतु दो स्थानों पर महल प्रवेश के लिए बुकिंग व्यवस्था सिंहपोल एवं त्रिपोलिया गेट पर की गई है जबकि पर्यटकों की निकासी व्यवस्था त्रिपोलिया गेट से रहेगी।

शारदीय नवरात्रा दिनांक 01.10.16 से 10.10.16 के दौरान दर्शनार्थियों के मंदिर दर्शन करने के पश्चात रात्रि 8.30 बजे एक लाइट एंड साउंड शो अंग्रेजी में आयोजित किया जायेगा।

For further details please contact:

Pankaj Dharendra
Superintendent, Amer Fort
M: 09414251730

For media coordination:

Jagdeep Singh
M: 09829065787

Kamal Kant
M: 09571836810